Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006
Participants : Mahto Shri Tek Lal

an>

Title : Need to ban the export of Iron ore from Jharkhand.

श्री टेक लाल महतो (गिरिडीह) : सभापति महोदय, मैं सदन के माध्यम से अति लोक महत्व की समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकृट करते हुए कहना चाहता हूं कि झारखंड राज्य में लौह अयस्क सबसे अधिक मात्रा में उपलब्ध हैं और इससे प्रेरित होकर अनेक उद्योगपति झारखंड की ओर आकर्ति हो रहे हैं। यहां उपलब्ध लौह अयस्क का बड़े पैमाने पर विदेश में निर्यात कर व्यापार किया जा रहा है। लेकिन देश की आवश्यकता को, व्यापार पर संभावित व्यय को ध्यान में रखते हुए, भुला दिया जाता है। परिणामस्वरूप इस उद्योग से जुड़े श्रमिक कठिन परिश्रम के बावजूद आर्थिक परेशानी से जूझ रहे हैं और वहां उपलब्ध लौह अयस्क का भारी मात्रा में दुरुपयोग हो रहा है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि वह लौह अयस्क के बड़े पैमाने पर विदेश में निर्यात को देखते हुए इस मामले को गम्भीरता से ले तथा लौह अयस्क के निर्यात पर तत्काल प्रतिबंध लगाए और देश के विभिन्न भागों में लौह अयस्क का परिशोधन करके अच्छी गुणवत्ता वाले विभिन्न किस्म के लौह उत्पादों के वितरण एवं विक्रय को प्राथमिकता दी जाए। धन्यवाद।